## एक नजर में

### हाइड्रा क्रेन पलटने से युवक की मौत



**मोहन बड़ोदिया ।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में विगत दिनों हाइड्रा क्रेन पलटने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने लापरवाही के आरोप में क्रेन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 14 अप्रैल 2026 को ग्राम कुम्हारिया खास स्थित चंवरी वाली घाटी पाइपलाइन कैंप पर हुई थी। यहां हाइड्रा क्रेन क्रमांक एमपी 10 डीए 0330 से पाइप उठाने के दौरान क्रेन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान क्रेन का बूम 22 वर्षीय हरिओम नागर निवासी देहरी बामन जिला राजगढ़ के ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**मोहन बड़ोदिया ।** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम टिगरिया के समीप रविवार दोपहर 2 ।30 बजे पशु चिकित्सा एम्बुलेंस के ड्राइवर द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से बाइक पर सवार मुकेश पिता भगीरथ जाति खाती उम्र 42 वर्ष निवासी सरसोदिया पशु चिकित्सा एम्बुलेंस में जा घुसा, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर मोहन बड़ोदिया थाना से डायल 112 से पायलेट जगदीश सोनी और थाने से आरक्षक सोनू यादव पहुंचे और घायल को मोहन बड़ोदिया सीएचसी लाए। जहां उपचार जारी है। वहीं मामले में पशु चिकित्सा एम्बुलेंस के ड्राइवर से बात की गई, तो उनका कहना है कि मेरे द्वारा गाड़ी का ब्रेक लगाया गया और बाइक सवार पीछे से टकरा गया।

### नाला निर्माण के कारण उड़ रहे धूल के गुबार



**शाजापुर ।** बस स्टैंड के ट्रैफिक पाइंट के पास चल रहे नाली निर्माण कार्य के कारण आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जेसीबी से खुदाई और मुरम डालने से यहां के रहवासियों और व्यापारियों को धूल के गुबार में दिन गुजारना पड़ रहा है। रविवार को भी यहां नाली निर्माण का काम किया जा रहा था जिससे वहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को सांस लेने में तकलीफहोने लगी। उड़ती धूल के कारण लोगों को खांसी और आंखों में जलन की समस्या का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी रामू ने बताया कि दिनभर इसी तरह काम चलता है और धूल लगातार उड़ती रहती है, जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे कार्य रात में किए जाने चाहिए, ताकि दिन में लोगों को परेशानी न हो। हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस क्षेत्र में धूल नियंत्रण के कोई इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने और पानी का छिड़काव कराने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### एम्बुलेंस और बाइक की भिड़ंत, एक घायल




**शाजापुर ।** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में ग्राम टिगरिया के पास रविवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। पशु चिकित्सा एम्बुलेंस और बाइक की टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। इस हादसे में ग्राम सरसोदिया निवासी मुकेश घायल हो गया। जिसे डायल 112 की टीम की मदद से मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मामले में एम्बुलेंस चालक का कहना है कि बाइक सवार ने अचानक ब्रेक लगाए, जिसके कारण पीछे से आ रहा बाइक सवार उससे टकरा गया। वहीं घायल मुकेश का आरोप है कि एम्बुलेंस ने बिना संकेत दिए अचानक ब्रेक लगाए और टक्कर के बाद चालक मौके से चला गया। हालांकि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### ब्राह्मण समाज धूमधाम से मनाएगा भगवान परशुराम जयंती



**शाजापुर ।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर 20 अप्रैल को शहर के चामुंडा टेकरी स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर पर सुबह हवन पूजन और शाम को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 24 अप्रैल को वाहन रैली, 26 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर समाज के पदाधिकारी व आयोजन के प्रभारी तैयारी में जुटे हुए हैं। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर आंमत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि अब तक आठ सौ से अधिक घरों तक पहुंचकर समाजजनों को शोभायात्रा व वाहन रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। यह कार्य 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है। शहर में समाज के 1200 से अधिक परिवार निवासरत हैं। इनके साथ ही आसपास के ग्रामों से भी समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा। अध्यक्ष दिलीप शर्मा व युवा अध्यक्ष भूपेंद्र भोला शर्मा ने बताया कि ने समाज द्वारा हर वर्ष उत्साह के साथ भगवान परशुरामजी का प्राकट्योत्सव मनाया जाता है। इस बार भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। शोत्रायात्रा और वाहन रैली के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसमें महिला और पुरुष शाखा के अलग-अलग पदाधिकारी बनाए गए हैं। भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में 24 अप्रैल को वाहन रैली और 26 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाजजन से 20 अप्रैल को श्री परशुराम मंदिर चामुंडा टेकरी पर होने वाले हवन पूजन और महाआरती में शामिल होने का आग्रह पदाधिकारियों ने किया है।

# गर्मी से तपा शाजापुर, तापमान 41 डिग्री पार

## एक सप्ताह से 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है पारा, जनजीवन पर भी प्रभाव...

**शाजापुर । नगरवासी इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। हालात ये है कि पिछले 6 दिनों से नगर का तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। सूरज की तीखी किरणों के साथ-साथ नगरवासियों को दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं से भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लू का खतरा बढ़ रहा है। मौसम विभाग की मानें, तो अभी एक सप्ताह मौसम परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है। फिलहाल तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।**

**ऐसे बढ़ रहा नगर का तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 13.04.26 | 39.3 | 18.4 |
| 14.04.26 | 40.2 | 20.3 |
| 15.04.26 | 41.1 | 21.0 |
| 16.04.26 | 41.8 | 22.2 |
| 17.04.26 | 41.4 | 20.1 |
| 18.04.26 | 41.0 | 20.1 |
| 19.04.26 | 41.3 | 20.8 |

13 अप्रैल को नगर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया था। उसके बाद से तापमान में लगातार उछाल दर्ज किया जा रहा है जो 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। वहीं 13 से 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही गर्म हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यही कारण है कि लोगों का दिन में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जरूरी काम होने के चलते कम ही लोग घर से निकल पा रहे हैं और वह भी पूरी सुरक्षा के साथ। तो घरों में भी लोग कूलर के बिना नहीं रह पा रहे हैं। रविवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 41 ।3 व न्यूनतम तापमान 20 ।8 डिग्री दर्ज किया गया। इस दिन भी 13 किमी की रफ्तार से गर्म हवाएं चलने से लोगों का दिनभर गर्मी से बुरा हाल होता रहा।



### कभी धूप-कभी छांव

रविवार को मौसम में मामूली परिवर्तन देखने को मिला। इस दिन कुछ देर के लिए आसमान पर बादल छाए रहे, जिससे लोगों को फोरी राहत मिली। जिससे तापमान ज्यादा नहीं बढ़ा। वहीं शाम को सूरज ढलने के बाद कुछ देर के लिए चली हवाओं ने भी नगरवासियों के लिए राहत का काम किया।

### शुजालपुर में गर्मी से चढ़ा पारा...

शुजालपुर। नगर में गर्मी ने अपना तीखा रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 41 ।3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20 ।8 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह से ही तेज धूप के चलते सड़कों पर आवाजाही कम रही और दोपहर के समय बाजारों में आवागमन कम रहा। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बाहर निकलना मुश्किल रहा। शाम के समय मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला। आसमान में आंशिक बादल छाने से तापमान में थोड़ी राहत महसूस हुई। हालांकि उमस बढ़ने से लोगों को पूरी राहत नहीं मिल सकी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना है। दिन के समय तेज गर्मी बनी रहेगी, वहीं शाम के समय हल्के बादल छाने की स्थिति बनी रह सकती है। चिकित्सकों ने नागरिकों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

**शाजापुर।** कलेक्टर और प्रमुख जनगणना अधिकारी ऋजु बाफना ने रविवार को जनगणना 2027 के लिए इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज बरवाल एवं कौटिल्य एजुकेशन अकादमी शाजापुर में आयोजित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, प्रतिभागियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण मॉड्यूल की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का परीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्राप्त आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सर्वोपरि होती है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरते एवं मोबाइल में कार्य करते समय साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को विषयवस्तु की स्पष्ट एवं व्यावहारिक समझ सुनिश्चित की जाए, जिससे वे फील्ड स्तर पर दक्षता के साथ कार्य कर सकें।

# फूंफा, हरिराम और चापलूसों के लिए भी हो जनगणना में कॉलम

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

आज कल देश में जनगणना और जातियों के आंकड़ों पर खूब बहस छिड़ी है। लेकिन समाज के उस महत्वपूर्ण तबके की अनदेखी की जा रही है, जो सरकारी फाइलों में नहीं बल्कि हर शादी-ब्याह और पारिवारिक कलह के केंद्र में पाए जाते हैं। जी हाँ, हम बात कर रहे हैं फूफाओं और हरिरामों की। समय आ गया है कि इनकी भी एक सघन जनगणना होनी चाहिए। फूफा कोई व्यक्ति नहीं, एक अवस्था है। जनगणना में इनके लिए विशेष कॉलम होने चाहिए। नाराजगी का सूचकांक - शादी के दौरान पनीर कम पड़ने पर नाराज हुए या कार्ड पर नाम छोटा होने पर, आयोजन बिगाड़ने की क्षमता - क्या इन्होंने केवल मुंह फुलाया या फिर ऐन विदाई के वक्त टेंट की पाइप उखाड़ने की धमकी दी, साफा शक्ति - सिर पर साफा बांधने के बाद इनकी गर्दन कितने डिग्री के कोण पर ऊपर उठ जाती है। इस जनगणना से यह स्पष्ट हो जाएगा कि देश में कुल कितने प्रतिशत फूफा शक्ति ऐसी है, जिसे केवल स्पेशल रायते और अतिरिक्त सम्मान के जरिए शांत रखा जा सकता है। इससे भविष्य की शादियों के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। इसी श्रेणी में एक बहुत बड़े और प्रभावशाली वोट बैंक की अनदेखी हो रही है। यह वर्ग है चापलूस और चमचों का। यह एक ऐसा स्वावलंबी समुदाय है, जो बिना किसी सरकारी सब्सिडी के केवल दूसरों की जी-हजूरी के दम पर फल-फूल रहा है। समय आ गया है कि इनकी भी जनगणना की जाए, ताकि पता चले कि देश के विकास का पहिया वास्तव में इंजीनियर घुमा रहे हैं या इन चमचों के तेल की चिकनाहट! इसी तरह हर क्षेत्र में एक हरिराम होता है। जनगणना में इनकी श्रेणियों का वर्गीकरण कुछ इस प्रकार हो। खिड़की छाप हरिराम - जो केवल पर्दा हटाकर देखते हैं कि पड़ोसी के घर नया फ्रीज कौन सी कंपनी का आया है। चबूतरा छाप हरिराम - जो शाम को सार्वजनिक स्थान पर बैठकर यह विश्लेषण करते हैं कि फलां का लड़का बिगड़ गया है। डिजिटल हरिराम - जो व्हाट्सएप ग्रुप में ब्रेकिंग न्यूज फैलाते हैं कि फलां की बेटी को कल किसी के साथ देखा गया। अगर सरकार इनके पुख्ता आंकड़े जुटा ले, तो देश को कई फायदे हो सकते हैं। बेरोजगारी का नया डेटा - पता चलेगा कि कितने लोग बिना किसी सैलरी के दूसरों के फटे में टांग अड़ाने के फुल टाइम रोजगार में लगे हैं। मनोरंजन कर - फूफाओं की नाराजगी से जो हाई वोल्टेज ड्रामा पैदा होता है, उस पर मनोरंजन कर लगाया जा सकता है। सुरक्षा - हरिरामों की फौज को सीसीटीवी कैमरों की जगह तैनात किया जा सकता है। ये कैमरों से ज्यादा बारीक और 360 डिग्री व्यू रखते हैं। जब तक फूफाओं की नाराजगी और हरिरामों की पंचायत को सांख्यिकी के दायरे में नहीं लाया जाएगा, तब तक समाज का पूर्ण विकास अधूरा है। आखिर हमें भी तो पता चले कि देश में प्रति एक हजार शालीन व्यक्तियों पर कितने मुंह फुआऊ फूफा मौजूद हैं। इस लेख को पढ़ते समय अगर आपके पड़ोस के हरिराम झांक रहे हों, तो मुस्कुरा कर उन्हें राम-राम कर दें, वरना अगले सर्वे में आपका नाम असामाजिक तत्व की सूची में आ सकता है। वहीं जनगणना अधिकारी ध्यान दें कि यदि चापलूसों और चमचों का डेटा ले रहे हों, तो सावधान रहें, क्योंकि जैसे ही आप उनसे सवाल पूछेंगे, वे आपकी भी चापलूसी शुरू कर देंगे कि साहब, आपके जैसा फॉर्म तो आज तक किसी ने भरा ही नहीं, लिखावट तो बिल्कुल मोती जैसी है और आप डेटा लेना भूलकर तारीफ सुनने में मगन हो जाएंगे।

**खादी के लिए धारा 307 बनी बम्बई की मिठाई...**

जब से सात साल से कम के अपराध में नोटिस पर छोड़ने की व्यवस्था हुई, तब से धारा 307 का मान-सम्मान बढ़ गया है। अब शरीर में कहीं भी लगे, खादी का खाकी पर दबाव रहता है कि धारा 307 लगाई जाए। या यूं कहें कि खादी के लिए धारा 307 बम्बई की मिठाई बन चुकी है। विवाद यदि दो समुदाय में होता है, तो 307 की धारा एक समुदाय पर लगाना अनिवार्य है। फिर भले ही दूसरे समुदाय पर कितना भी गंभीर घाव हो, उसके लिए धारा 323 ही पर्याप्त है। 307 की धारा की हालत यह है कि जरा विवाद हुआ और खाकी को खादी ने फोन किया कि कोतवाल साहब ने धारा 307 लगाई। वो बात अलग है कि कोर्ट में ये धाराएं टिक नहीं पाती हैं, लेकिन खादी के खौफ से खाकी अपने आप को बचाकर राहत की सांस लेती है।

**अंत में...**

वो जो शादी के टेंट में खामोश बैठा है, समझ लो कि वो शख्स अंदर से ऐंठा है, जनगणना में उनका नाम सबसे ऊपर रखना, जिसका पनीर कम होने पर भी माथा ठनका है...।

# भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव आज

## शुजालपुर भक्ति-आस्था से होगा सराबोर, होंगे विभिन्न आयोजन

**शुजालपुर । भगवान श्री परशुराम प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में नगर में इन दिनों धार्मिक उत्साह चरम पर है। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना के तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं का जीवंत स्वरूप बनकर सामने आ रहा है।**

अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार को प्रात: 9 बजे श्री परशुराम चौराहा पर ध्वजा पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद समाजजन भगवा ध्वज के साथ सप्तऋषि भवन पहुंचेंगे, जहां भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। पूरे नगर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक वातावरण का संचार रहेगा।



मंगलवार 21 अप्रैल को महर्षि गौतम आश्रम रेलवे गेट के पास पर आदि शंकराचार्य जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सनातन परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

इधर, 1 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं व्यंजन मेला आयोजित होगा। इसमें वर्ष 2024, 2025 और 2026 में 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के साथ खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। 2 मई को दोपहर 2 बजे भव्य वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। हनुमान मंदिर, रायकनपुरा से प्रारंभ होकर यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शुजालपुर मंडी पहुंचेगी, जहां से शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण कर समापन पर आरती व प्रसादी का आयोजन होगा। उत्सव को लेकर नगर में व्यापक उत्साह है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से सहभागिता का आह्वान किया है। जानकारी गंगाधर शर्मा सचिव, सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं रामानुज समाधिया जिला अध्यक्ष, परशुराम सेना ने दी।

# पोलायकलां की बेटी देवांशी का राष्ट्रीय मंच पर जलवा

## फेमिना मिस इंडिया में चयन, जिले की पहली प्रतिभागी बनीं

**शुजालपुर। छोटे से गांव पोलायकलां की बेटी देवांशी पालीवाल ने अपने सपनों को साकार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। देवांशी का चयन देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता फेमिना मिस इंडिया में हुआ है, जो शाजापुर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।**

देवांशी इससे पहले मिस दिल्ली का खिताब जीत चुकी हैं और अब 61वें फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। यह ग्रैंड फिनाले ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर के 30 राज्यों की प्रतिभागी भाग ले रही हैं।

**साधारण परिवार से राष्ट्रीय मंच तक का सफर**

देवांशी पालीवाल एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनकी माता उषा पालीवाल भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी हैं, जबकि पिता शशि मोहन पालीवाल किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद देवांशी ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

**जिले के लिए गौरव का क्षण**

गौरतलब है कि यह संभवत: पहला अवसर है जब शाजापुर जिले की कोई युवती फेमिना मिस इंडिया जैसे बड़े मंच तक पहुंची है। देवांशी की इस उपलब्धि ने न केवल जिले बल्कि पूरे मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है।



**बन रहीं युवाओं के लिए प्रेरणा**

देवांशी की सफलता यह संदेश देती है कि सपनों को पूरा करने के लिए बड़े शहर नहीं, बल्कि बड़ा हौसला जरूरी होता है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए नई प्रेरणा बनकर सामने आई है। हौसले हों बुलंद, तो हर मंच छोटा पड़ जाता है।

**एक नजर में** — जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने की सराहनीय पहल

# छात्र-छात्राओं ने मंदिर में श्रमदान कर जलाशय की सफाई की

**शाजापुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद ब्लॉक शाजापुर द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। इस अभियान के तहत रविवार को गिरवर रोड स्थित जयेश्वर महादेव परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं परामर्शदाताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर जयेश्वर महादेव, तेलीवाड़ा क्षेत्र में स्थित जलाशय की साफ-सफाई की। श्रमदान के दौरान घाट की सीढ़ियों को साफ किया गया तथा किनारों पर एकत्रित पूजन सामग्री एवं अन्य कचरे को तगाड़ी और फावड़ों की सहायता से निकालकर स्थल को स्वच्छ बनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत ने उपस्थित प्रतिभागियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रम साधना एवं जल साधना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। यह पहल न केवल स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम बन रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम में परामर्शदाता बहादुर, मनोज श्रोती, महेंद्र वर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से तृप्ति मिश्रा, संतोष परिहार सहित अन्य सहभागी उपस्थित थे।




### अतिरिक्त केन्द्र बनाए

**शाजापुर ।** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन कार्य 28 मई 2026 तक किया जाएगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर एक उपार्जन केन्द्र पर 1500 से अधिक किसानों की मेपिंग नहीं हो पा रही है। अनुमोदित प्रस्ताव अनुसार पात्र संस्थाओं को मंडी, उप मण्डीध्संस्था परिसर में चना एवं मसूर उपार्जन अतिरिक्त केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा जारी आदेश अनुसार शाजापुर तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बेरछा केन्द्र क्रमांक 2, मो। बड़ोदिया तहसील में विपणन सहकारी संस्था मो। बड़ोदिया केन्द्र क्र ।2, शुजालपुर तहसील में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मगरोला केन्द्र क्र। 2 तथा कालापीपल तहसील में विपणन सहकारी संस्था कालापीपल केन्द्र क्र ।2 में अतिरिक्त केन्द्र स्थापित किए गए हैं।